मध्य प्रदेश को लिए एक मुश्त विकास सहायता

1319. श्री अजीत जोगी :
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने जून, 1989 में मध्य प्रदेश के लिए 5827 करोड़ रुपए की एक मुश्त विकास सहायता देने की घोषणा की थी; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसके क्रियान्वयन हेतु क्या कदम उठाए गए हैं ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) योजना आयोग को किसी ऐसे पैकेज की जानकारी नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

देश में प्रति व्यक्ति आय

1320. श्री वीरेन जे. शाह :
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1990-91 की तुलना में वित्तीय वर्ष 1991-92 में देश की प्रति व्यक्ति आय में कमी हुई है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1990-91 के दौरान देश में प्रति व्यक्ति आय कितनी थी;

(ग) वर्ष 1991-92 में देश में प्रति व्यक्ति आय कितनी थी;

(घ) क्या सरकार ने वर्ष 1992-93 की प्रथम छमाही के दौरान प्रति व्यक्ति आय का अनुमान लगाया है; और

(ङ) यदि हां, तो उपरोक्त अवधि में प्रति व्यक्ति आय के आंकड़े क्या रहे हैं और देश में वर्ष 1990-91 की तुलना में वर्ष 1991-92 के दौरान प्रति व्यक्ति आय के कम होने के कारण क्या है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी, हां ।

(ख) 1980-81 की कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय (घटक लागत पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय उत्पाद) का 1990-91 के लिए 2199 रुपए का अनुमान लगाया गया था ।

(ग) 1991-92 के दौरान यह 2174 रुपए थी ।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) प्रति व्यक्ति आय में कमी का कारण सकल घरेलू उत्पाद (जी. डी. पी.) की वृद्धि में कमी होना था जिसमें 1991-92 में केवल 1.2% की वृद्धि हुई थी । फलस्वरूप, राष्ट्रीय आय में केवल 0.9% की वृद्धि हुई थी अर्थात् लगभग 2% जनसंख्या वृद्धि की तुलना में बहुत कम थी । पिछले वर्षों के मुकाबले सकल घरेलू उत्पाद (जी. डी. पी.) में वृद्धि मुख्यत: कृषि उत्पादन में 2.8% की कमी के कारण प्रभावित हुई थी । औद्योगिक उत्पादन में भी 0.1% की कमी हुई थी ।

World Bank's warning regarding rise in poverty

1321. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN : Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item published in the Indian Express dated January 18,1993 under the caption "WB warns nation of rise in poverty"; and

(b) if so, the reaction of Government to the criticism made by the World Bank on various issues mentioned therein ?

THE MINISTER OP STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO) ; (a) Yes, Sir.

(b) Government is aware of the impact of contraction in the aggregate consumption. Every effort is made through growth